डॉ. मकसूदा सरफी श्योतानी

डॉ. मकसूदा सरफी श्योतानी को शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए प्रवासी भारतीय सम्मान से सम्मानित किया गया है।

आप इशिकावा इंडियन एसोसिएशन (1990) की संस्थापक और निदेशक हैं जो भारत–जापान द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के लिए कार्य करता है। आपने भारत और जापान के बीच शिक्षा, व्यवसाय और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से भारत की प्रतिष्ठा को बढ़ाने के लिए उल्लेखनीय प्रयास किए हैं।

आपने 1988 में इशिकावा इंटरनेशनल लाउंज की स्थापना की और आप इशिकावा प्रान्त में रहने वाले विदेशी छात्रों के लिए काम कर रही हैं। आप कश्मीर जापान छात्रवृत्ति (केजेएस) के माध्यम से कश्मीर की महिला छात्रों की सहायता भी कर रही हैं। आपने भारत और इसकी संस्कृति, इतिहास एवं सामाजिक व्यवस्थाओं पर कई पुस्तकें प्रकाशित की हैं जिससे जापान में भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने में सहायता मिली है।

Dr. Maqsooda Sarfi Shiotani

Dr. Maqsooda Sarfi Shiotani has been awarded the Pravasi Bharatiya Samman Award for her contribution in Education.

She is the Founder and Director of Ishikawa Indian Association (1990) which works for the promotion of Indo-Japan bilateral relations. She has made great efforts in enhancing India's prestige through education, business and cultural activities between India and Japan.

She established the Ishikawa International Lounge in 1988 and has been working for foreign students in Ishikawa Prefecture. She is also assisting female students in Kashmir through Kashmir Japan Scholarship (KJS). She has a number of publications on India and its culture, history and social systems which has helped in promoting Indian culture in Japan.